'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2016-18
WPP Licence No.- U(C)-101/2017-18
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 31.08.2018
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन – जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841–42

Website : www.uditraj.com E-mail: parisangh1997@gmail.com

● वर्ष : 21 ● अंक 19 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 31 अगस्त, 2018

आबादी के हिसाब से बांट दें आरक्षण

मुंबई में पिछले दिनों हुए मराठा आरक्षण आंदोलन का एक दृश्य

पाठ्यक्रम और पत्रकारिता द्वारा लोगों को समझाना होगा कि जिन्हें आरक्षण मिला है उन्होंने हजारों साल नारकीय एवं अभावग्रस्त जिंदगी जी है।

आज देश में शायद ही कोई जाति हो, जो आरक्षण की मांग न करती हो। मराठा आरक्षण आंदोलन उफान पर है। आंध्र प्रदेश में कापू भी आंदोलन कर रहे हैं। जाट जब–तब आरक्षण की मांग को लेकर उग्र हो उठते हैं। वोट कटने के डर से सरकारें सबकी बात मान लेती हैं लेकिन बाद में न्यायपालिका उन्हें रिजर्वेशन देने से मना कर देती है। राजनीतिक दलों में हिम्मत नहीं कि सच को सच और गलत को गलत कह सकें, इसलिए आरक्षण की उलझन खत्म नहीं हो रही है। आरक्षण के दायरे से बाहर की जातियों को भी आज लगता है कि उनका उद्धार आरक्षण से ही होगा, जबकि नौकरियां नाममात्र की रह गई हैं। पिछले दिनों सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सही कहा कि सरकारी नौकरियां अब रह ही कहां गई हैं! लगभग 80 प्रतिशत नौकरियां निजी क्षेत्र में जा चुकी हैं। आरक्षण सभी को दिया नहीं जा सकता इसलिए यह उलझन स्थायी रूप से बनी रहेगी।

भागीदारी का माध्यम

आरक्षण मांगने वाली उच्च जातियां इसे हासिल तो नहीं कर पा रहीं, लेकिन उनके आंदोलनों से देश का नुकसान बहुत हो रहा है। धरना–प्रदर्शन, चक्काजाम आदि को नियंत्रित करने में ही पुलिस–प्रशासन की सारी ऊर्जा नष्ट हो जाती है। यह ऊर्जा अन्य कार्यों के लिए लगाई जाए तो समाज में रचनात्मकता बढ़ेगी और अपराध में कमी आएगी। वोट लेने की खातिर विभिन्न राजनेता इन आंदोलनरत जातियों को सहयोग देकर उनका समर्थन हासिल करते हैं या चुनाव में उनसे गठबंधन करते हैं। वे यह नहीं देखते कि उनकी मांग सही है या गलत। उनकी वजह से विकास का मुद्दा गौण हो जाता है। जो लोग चुनकर आते हैं वे भी विकास की बात कम और आरक्षण की बात ज्यादा करते हैं क्योंकि उन्हें दोबारा चुनाव में उतरना होता है। इस वजह से अदालत का कार्यभार भी बढ़ा है जिससे आम मुकदमे प्रभावित होते हैं। इस तरह के आंदोलनों से सामाजिक सद्भाव भी प्रभावित होता है। अकस्मात एक जाति दूसरी जाति के मुकाबले में खड़ी हो जाती है।

सरकार ने आर्थिक सशक्तीकरण के कई कार्यक्रम चला रखे हैं। लोगों की आय बढ़ानी है या रोजगार की समस्या का हल करना है तो इन योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करना होगा। यह कार्य आरक्षण से नहीं होगा। संविधान निर्माण के समय आरक्षण का प्रावधान रखा गया तो उसका आधार था सामाजिक और शैक्षणिक स्तर पर पिछड़ापन। सन 1992 में मंडल कमिशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आर्थिक आधार जोड़ दिया, वह भी पिछड़े वर्ग के आरक्षण के मामले में। दरअसल इस स्तर पर अदालत ने भारी गलती की, जिसका प्रतिकूल प्रभाव

अभी तक चलता आ रहा है । हजारों–लाखों मुकदमे विभिन्न अदालतों में लंबित हैं, कहीं पक्ष में तो कहीं विपक्ष में। इन पर संसाधन का कितना व्यय हो रहा है, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। हालात यहां तक पहुंच गई है कि संसद कानून बनाती है तो उसे अदालत में चुनौती दे दी जाती है, जिसकी पैरवी के लिए अटॉर्नी जनरल और कानून मंत्रालय पूरी जंगी तैयारी में लगे रहते हैं। ये मुकदमे दोधारी तलवार बन जाते हैं। जरा सी भी चूक हुई तो बवाल मच जाता है और धरना–प्रदर्शन शुरू हो जाता है।

20 मार्च को जब अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के मामले में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने बहस की तो गैर–इरादतन एक चूक कर दी कि इसमें बेल दी जा सकती है। इस तरह वंचित तबके को मिले एक अवसर को कमजोर कर दिया गया और इस एक्ट के पीछे का मकसद ही खत्म हो गया। इस समय देश के सामने बड़ी चुनौती यह समझ पैदा करने की है कि आरक्षण आर्थिक सशक्तिकरण का जरिया नहीं बल्कि शासन–प्रशासन में भागीदारी का माध्यम है। सदियों से जिन लोगों को शासन–प्रशासन में हिस्सेदारी नहीं मिली थी उनके लिए आरक्षण का प्रावधान रखा गया। नौकरी में आने से इनका आर्थिक उत्थान भी हुआ है जिससे वे अच्छी जिंदगी जी रहे हैं, हालांकि इससे वे व्यापारियों की तरह करोड़पति या अरबपति नहीं हो गए हैं। आरक्षण को लेकर एक सकारात्मक माहौल बनाने की जरूरत है। पाठ्यक्रम और पत्रकारिता द्वारा लोगों को समझाना होगा कि जिन्हें आरक्षण मिला है, उन्होंने हजारों वर्षों से नारकीय, अभावग्रस्त जिंदगी जी है। दुर्भाग्य से इस सचाई को सामने रखने की बजाय इसे छुपाया जाता है या चर्चा से गायब कर दिया जाता है।

रोज नया आंदोलन

कई लोग कहते हैं कि जाति आधारित आरक्षण ठीक नहीं है, जबकि शादी–ब्याह, जीवन–मरण के अवसर पर आज भी जाति का बड़ा रोल रहता है। क्या सवर्ण कपड़ा धोने, मैला उठाने और चमड़ा कमाने का कार्य स्वाभाविक रूप से करते हैं? आरक्षण का विरोध करने वाले कभी आरक्षण पा रहे वंचित तबके की जिंदगी में झांककर देखें। आज एक वर्ग ऐसा है, जिनके मां–बाप सुबह उठकर सैर करने और अखबार पढ़ने का काम करते हैं, जबकि एक वर्ग ऐसा है जो सुबह–सुबह उठकर झाड़ू लगाने या सिर पर मैला ढोने का कार्य करता है।

अपने लिए आरक्षण मांगते समय इस बारे में जरूर सोचें कि रिजर्वेशन का हकदार कौन है? आखिर कब तक अलग–अलग समुदाय के लोग उठकर देश को आरक्षण के आंदोलन में झोंकते रहेंगे? रोज–रोज उठने वाली आरक्षण की मांग का एक समाधान यह भी हो सकता है कि जिस जाति का जितना प्रतिशत समाज में है, उसी के अनुपात में सरकारी नौकरियां बांट दी जाएं। ज्यों ही इस व्यवस्था को लागू करने की बात सामने आएगी, आरक्षण की मांग करने वाली दबंग जातियां अपने–आप मैदान छोड़ कर भाग जाएंगी। ऐसा करने के लिए जबर्दस्त राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत पड़ेगी, लेकिन आरक्षण की गुत्थी सुलझाने का फिलहाल यह एक अचूक तरीका हो सकता है ।

***

परिसंघ की रैली

3 दिसंबर, 2018
रामलीला मैदान, नई दिल्ली

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ की महारैली आगामी 3 दिसंबर, 2018 (सोमवार) को प्रातः 10 बजे से रामलीला मैदान, (नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास), नई दिल्ली में आरक्षण सहित अन्य अनुसूचित जाति/जनजाति के अधिकारों के मुद्दों पर होना सुनिश्चित हुई है। लगातार दलितों पर बढ़ते हुए अत्याचार/ भेदभाव व उत्पीड़न की घटनाओं के बावजूद भी यदि हम शांत बैठे रहे तो हमारे अधिकार कोई नहीं बचा सकता। इन घटनाओं के पीछे एक बड़ा मकसद हमारी सहनशीलता का परीक्षण भी है। परिसंघ के सभी पदाधिकारियों से आग्रह है कि इस रैली की सफलता के लिए तैयारी अभी से शुरू कर दें। शीघ्र ही इससे संबंधित प्रचार सामाग्री एवं आवश्यक दिशानिर्देश ''वॉयस ऑफ बुद्धा'' सहित अन्य माध्यमों से आप लोगों तक पहुंचती रेहगी। रेल से यात्रा करने वाले साथी अभी से ही आरक्षण (टिकट) इत्यादि करवा लें। प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह है कि जिन प्रदेशों में अभी तक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन नहीं हुए हैं, शीघ्र ही करलें। जहां पर मुझे आने की जरूरत समझें, मैं स्वयं आ सकता हूं।

रैली से संबंधित खबरों से अपडेट रहने के लिए परिसंघ के फेसबुक www.facebook/aiparisangh पेज को लाइक करे, ट्विट्र @aiparisangh को फॉलो करें और युट्यूब aiparisangh को भी देखें और परिसंघ की वेबसाइट www.aiparisangh.com को देखें। किसी भी जानकारी के लिए राष्ट्रीय कार्यालय में **सुमित मो. 9868978306** से सम्पर्क करें।

डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय चेयरमैन

AlParisangh AlParisangh 9899766443 parisangh1997@gmail.com All India Parisangh www.aiparisangh.com

नस्लीय टिप्पणीः भारतीय रेस्तरां में खाने के बाद अमेरिकी ने एफबी पर लिखा- शायद अल कायदा को पैसे दे रहा हूं

न्यूयॉर्क : अमेरिका पर भारतीय मूल के रेस्तरां मालिक पर नस्लीय टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। रेस्तरां में आए एक ग्राहक और उसके परिवार का स्वागत भारतीय रीति-रिवाज से किया गया था। खाना खाने के बाद उसने रेस्तरां का फोटो क्लिक किया था। बाद में उसने फोटो को टैग करते हुए फेसबुक पर लिखा कि शायद मैं अल कायदा को पैसा दे रहा हूं। ऐशलैंड में किंग्स डिनर के नाम से रेस्तरां चलाने वाले ताज सरदार ने बताया, यह कमेंट पढ़ने के बाद काफी दुख हुआ। मैं समझ नहीं पाया कि क्या वह गंभीर था? सरदार ने बताया कि वह 2010 से ऐशलैंड में रह रहे हैं। उम्मीद है कि उस व्यक्ति के साथी मुझे बाहर निकालने की कोशिश नहीं करेंगे।

प्रशासन से मिला सपोर्ट

फेसबुक पर नस्लीय टिप्पणी होने के बाद ताज सरदार को उनके दोस्तों का समर्थन मिल रहा है। वहीं, ऐशलैंड के मेयर स्टीव गिलमोर ने तीन सिटी कमिश्नर के साथ रेस्तरां का दौरा किया और सरदार को सांत्वना दी। गिलमोर ने कहा कि शहर में नस्लीय बर्ताव करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। ताज सरदार अपने परिवार के साथ कानूनी रूप से 2006 में अमेरिका गए थे। 2010 में उन्होंने ऐशलैंड में यह रेस्तरां खोला था।

आरोपी को नौकरी से निकाला गया

सूत्रों के मुताबिक, नस्लीय टिप्पणी करने वाले शख्स को पोर्ट्समाउथ इमरजेंसी एम्बुलेंस सर्विस ने बर्खास्त कर दिया है। कंपनी का कहना है कि सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी के बारे में जानकारी मिली है। हम और हमारी 650 सदस्यों की टीम इसके लिए ताज सरदार से माफी मांगते हैं।

https://www.bhaskar.com/world-news/i-probably-funded-al-qaeda-indian-origin-restaurateur-racially-abused-5938511.html

***

केरल : बाढ़ में फंसे सवर्णों ने दलितों के हाथ से बना खाना खाने से किया इंकार, मामला दर्ज

मौत के मुंह में समाए सवर्ण खासकर ब्राह्मण जब जाति और वर्ण पूछकर नावों में बैठने की बात करते हैं तो लगता है कि बाढ़ की तबाही देश को बहुत कुछ नया सिखा गयी, पर इन जातिवादियों पर उसका कोई असर न हुआ। बता रही हैं प्रेमा नेगी :

भयंकर बाढ़ के बीच भी याद रहा जातिवाद और छुआछूत का सवर्णी संस्कार

जीव की प्रकृति है कि वह संकट में एक हो जाता है। पर भारतीय उप महाद्वीप के मनुष्यों ने इस मानवीय गरिमा से अपने को मुक्त रखा है। वे घनघोर संकट में भी अपनी जातीय सांप्रदायिक श्रेष्ठता के दस रास्ते खोज लाते हैं और उसी में आनंदित होते हैं। केरल में भी उसी जातीय, पौराणिक मूर्खता के प्रहसन का चरमोत्कर्ष देखने को मिला कि जब जिंदगी मौत के मुंह में समाने को थी और तब भी कुछ 'संस्कारी' नेऊ और जाति खोजने में लगे हुए थे केरल में आई बाढ़ के बीच 25 जुलाई को अलापुझा जिले के हरिपद में 20 लोगों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत इसलिए मुकदमा दर्ज करना पड़ा, क्योंकि उन्होंने दलितों का खाना अपने साथ नहीं बनने दिया और न ही उनका बनाया खाना खाया। सवर्णो के लिए राहत कैंप में दूसरा चूल्हा जलाना पड़ा। केरला पुलायार महासभा ने जिलाधिकारी को दिए अपनी शिकायत में कहा कि अंजीलीमूदू के पालीपद प्राथमिक विद्यालय में लगे खाने के कैंप में कुछ लोगों ने दलितों को बहुत बेइज्जत किया और उनका बनाया खाना नहीं खाया।

बाढ़ में फंसे ब्राह्मण परिवार ने नाव पर चढ़ने से पहले पूछा नाविक का धर्म

दूसरी घटना केरल के कोल्लम जिले की है, जहां कुछ लोगों ने एक नाव पर इसलिए चढ़ने से मना कर दिया, क्योंकि उसका नाविक एक क्रिश्चियन था। 47 वर्षीय मछुआरे मैरिअन जॉर्ज ने वेबसाइट सीएनएन को बताया कि 17 अगस्त को जब वह कोल्लम जिले के एक परिवार जिसमें 17 लोग थे, जब उनको लेने बाढ़ से निकाल सुरक्षित स्थान पर ले जाने पहुंचा तो उनका पहला सवाल था, 'यह एक क्रिश्चियन बोट नहीं है न?' जॉर्ज ने कहा, हां यह एक क्रिश्चियन की बोट है और मैं क्रिश्चियन हूं।' मछुआरा मैरियन जॉर्ज केरल के उन हजारों स्वयंसेवी मछुआरों में से एक था जो अपनी इच्छा से, बगैर किसी सरकारी मदद के केरल के भीतरी और शहरी इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं।

मैरियन जॉर्ज के मुताबिक, 'मुझसे सवाल करने वाला परिवार हिंदुओं की ऊंची जाति ब्राम्हण से था। परिवार चाहता था कि जब वे मेरी नाव में बैठे तो उनका शरीर मुझसे किसी तरह से न छुए। मैंने कहा भी, आप लोग आ जाइए, मुझसे आपका शरीर नहीं टच करेगा। पर बाद में उनमें से एक ने मेरी नाव में बैठने से ही साफ इनकार कर दिया।' पांच घंटे बाद जब जॉर्ज वापस लौटा तो अभी उस परिवार को रेस्क्यू नहीं किया गया था। वह परिवार फिर से जॉर्ज को देखते ही मदद के लिए चिल्लाने लगा। लेकिन तब भी इस परिवार ने कहा कि देखना, हमसे तुम्हारा शरीर न छू जाए। खैर, जॉर्ज ने इस जातीय सांप्रदायिक भेदभाव को सहन करते हुए ब्राम्हण परिवार को सुरक्षित स्थान पर ले गया, क्योंकि उसे इंसान बचाना था जाति नहीं।

भेदभाव के पीछे द्विजवादी मानसिकता आरएसएस विचारक एस गुरुमूर्ति ने कहा कि केरल में आई बाढ़ की तबाही का असली कारण है, केरल के सबरीमाला मंदिर में औरतों के घुसने की इजाजत देना। मूर्खों और पोंगापंथियों जैसी बात करने वाले एस गुरुमूर्ति स्त्रियों की हकों को संविधान सम्मत ढंग से लागू किए जाने के प्रबल विरोधी संगठन आरएसएस के विचारक ही नहीं हैं, बल्कि मोदी सरकार ने उन्हें हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के स्वतंत्र निदेशक के तौर पर नियुक्त भी किया है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसी अवैज्ञानिक सोच का आदमी अगर देश की शीर्षस्थ आर्थिक संस्था के मुखिया के तौर पर बैठेगा तो देश का बेहतर आर्थिक विकास कैसे संभव है, अगर होगा भी तो औरतें और हाशिए का समाज कहां होगा? हालांकि ऊचे पदों पर बैठे लोगों द्वारा अंधविश्वासी बातें करना कोई नई बात नहीं है, गांधी ने भी एक बार ऐसी बात कही थी, जिसकी कवि रवींद्र नाथ टैगोर ने खुली आलोचना की और बताया कि गांधी आपकी बातों से अंधविश्वास का बढ़ावा मिलता है, समाधान भले न निकले। 1934 में बिहार में आए भूकंप के बारे में गांधी ने कहा कि भूकंप की यह तबाही इसलिए आई है, क्योंकि यहां छुआछूत और जातीय भेदभाव बहुत ज्यादा है। इन दोनों उदाहरणों से समझें तो साफ होगा कि गांधी हों या गुरुमूर्ति दोनों को ही अपनी बातों को सही साबित करने के लिए अंधविश्वासों और अवैज्ञानिक बातों का सहारा लेना पड़ा। ये सहारा एक समानता वाले राष्ट्र की नींव कभी नहीं रख पाएगा और न रख पाया। देश में जातीय भेद और उसके समर्थन वाले संस्कार भारतीय समाज के डीएनए बन गए हैं और अमानवीयता और गैरबराबरी का बड़ा आधार जातीय भेद है।

ढकोसले से दूर नहीं होगा छुआछूत

ख्यात लेखक और दलित चिंतक शरण कुमार लिंबाले कहते हैं, जिस तरह का जातिवाद, छुआछूत, संप्रदायवाद केरल में नजर आया वह केवल वहीं तक सीमित नहीं है, भारत में जब-जब जहां-जहां ऐसे हादसे होते हैं वहां देशभर में यह आमतौर पर नजर आया है। जातिवाद हमारे खून में इस तरह व्याप्त है कि यह जन्म से शुरू होकर मृत्यु के बाद तक कायम रहता है। हमारे देश में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई किसी धर्म का हो, राष्ट्रपति से लेकर गांव का मुखिया तक हरेक के मन में जातिवाद छुपा है। हिंदू धर्म के परिप्रेक्ष्य में कहें तो मनुवाद ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है हर इंसान के मन में।

जाति की अक्षयता और आगे का रास्ता/लिंबाले

आगे बताते हैं कि यह खुशी और गम दोनों में समान रूप से हावी रहता है। जातिवाद ने मनुष्य को किस तरह जकड़े हुए है उसे इससे समझा जा सकता है सवर्ण जाति का इंसान मर रहा हो और कोई दलित उसे छू ले तो वह कहेगा कि तू मुझे मत छू नहीं तो मैं अपवित्र हो जाउंगा मुझे मुक्ति नहीं मिलेगी। मैं मरने के बाद नरक में जाउंगा, मोक्ष नहीं मिलेगा मुझे। इन कुछ सालों में तो जातिवाद धर्म को तो जैसे खुलेआम संरक्षण मिला है, वह अकल्पनीय है। कब कौन जातिवाद, धर्म, संप्रदाय के नाम पर मॉब लिंचिंग का शिकार हो जाए कहना मुश्किल है। मोदी जी ने स्वच्छ भारत अभियान की पहल की है, मगर स्वच्छ भारत तब होगा जब मनुष्य का मन स्वच्छ होगा और समाज में नवजागरण आएगा। नए कपड़े, बॉब कट हेयरस्टाइल, फॉरव्हीलर, बुलेट ट्रेन तक की यात्रा से नवजागरण और स्वच्छ भारत नहीं होगा, क्योंकि मन अभी भी 16वीं सदी का है। मन की स्वच्छता के बगैर यह सिर्फ एक ढकोसला है।

https://www.forwardpress.in/2018/08/keral-baadh-mein-phanse-savarnon-ne-daliton-ke-haath-se-bana-khaana-khaane-se-kiya-inkaar-maamala-darj/

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या **0636000102165381** जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशिः

पांच वर्ष : 600 रुपए

एक वर्ष : 150 रुपए

सिरपुर (छत्तीसगढ़) में है दुनिया का सबसे बड़ा बौद्ध स्थल, 2000 साल पहले चलते थे जहाज

रायपुर : राजधानी से 85 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सिरपुर में दुनिया का अब तक मिला सबसे बड़ा बौद्ध स्थल है। ईसा पूर्व छठवीं शताब्दी में चीनी यात्री व्हेनसांग सिरपुर आए थे। उन्होंने अपने यात्रा वृत्तांत में सिरपुर का वर्णन करते हुए लिखा है, दक्षिण कोसल की राजधानी में सौ संघाराम थे। वहां का राजा हिंदू था और उस राज्य में सभी धर्मो का समादर होता था। यहां बंदरगाह भी मिले हैं जो हजारों साल पहले यहां जहाज चलने की बात को प्रमाणित करते हैं।

सिरपुर में अब तक 10 बौद्ध विहार और लगभग 10000 बौद्ध भिक्षुओं के अध्ययन के पुख्ता प्रमाण मिल चुके हैं। इसके अलावा यहां कई बौद्ध स्तूप और बौद्ध विद्वान नागार्जुन के यहां आने के प्रमाण मिले हैं। यह स्थल गया के बौद्ध स्थल से भी बड़ा है। चीनी यात्री व्हेनसांग के यात्रा वृत्तांत के आधार पर जब इस स्थान की खुदाई की गई तो वे सभी विशेषताएं पाई गईं जिनका उल्लेख व्हेनसांग ने किया है।

सिरपुर में भगवान बुद्ध के आने के भी प्रमाण मिले हैं, प्राचीन समय में सिरपुर एक अतिविकसित और समृद्ध राजधानी थी, यहां से विदेशों के साथ व्यापार किया जाता था। यहां सोने-चांदी के गहने बनाने के सांचे, अस्पताल, बंदरगाह आदि के अवशेष मिले हैं।

https://www.facebook.com/groups/796312180505091/permalink/1321253378010966/

***

खतरे में मुक्त व्यापार व्यवस्था

डॉ. भरत झुनझुनवाला

एक समय अमेरिका विश्व व्यापार संगठन यानी डब्लूटीओ की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभा रहा था, लेकिन आज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसी डब्लूटीओ को नुकसानदेह बता रहे हैं। इसे समझने के लिए पहले मुक्त व्यापार के सिद्धांत को समझें। यह सिद्धांत यही है कि हर एक क्षेत्र किसी खास वस्तु के उत्पादन में महारत रखता है। जैसे भुसावल में केले का उत्पादन सस्ता पड़ता है और मेरठ में चीनी का। दोनों के लिए लाभप्रद है कि भुसावल केले का उत्पादन करके मेरठ को भेजे और मेरठ चीनी का उत्पादन कर उसे भुसावल भेजे। इससे दोनों को केला और चीनी सस्ते मिल जाते हैं, लेकिन अब दूसरी स्थिति को समझें, जिसमें अमेरिका लड़ाकू विमान सस्ता बनाता है और भारत दूध का उत्पादन सस्ता करता है।

मुक्त व्यापार के सिद्धांत के अनुसार अमेरिका को लड़ाकू विमानों का निर्यात करना चाहिए और भारत को दूध का। अब मान लीजिए कि अमेरिका लड़ाकू विमानों का दुनिया में इकलौता उत्पादक है और उसके एवज में वह मनचाहा दाम चाहता है। ऐसे में भारत के हित में यही होगा कि वह अपने देश में ही लड़ाकू विमान बनाए। मुक्त व्यापार का सिद्धांत तब नाकाम हो जाता है जब किसी विशेष देश का किसी माल पर एकाधिकार होता है जैसे लड़ाकू विमान के मामले में अमेरिका का है। 1990 के दशक में अमेरिका में नए तकनीकी आविष्कार हो रहे थे जैसे माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज सॉफ्टवेयर बनाया, सिस्को ने राउटर सिस्टम बनाए, एचपी ने प्रिंटर इत्यादि बनाए। अमेरिका इन एकाधिकार वाली वस्तुओं को दुनियाभर में बेचना चाहता था। तब उसके लिए मुक्त विश्व व्यापार दोहरे लाभ का सौदा था।

एक तरफ विंडोज सॉफ्टवेयर जैसे एकाधिकार वाले माल को अमेरिका मुंहमांगे दाम पर बेचकर दुनियाभर से लाभ कमाता था। दूसरी ओर भारत से सस्ती चीनी का आयात करके लाभ उठाता था। इसीलिए अमेरिका ने उस समय मुक्त व्यापार की जोरशोर से पैरवी की और डब्लूटीओ को बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। पिछले कुछ समय में हालात बदल गए हैं। अब विंडोज जैसे सॉफ्टवेयर, सिस्को के राउटर या प्रिंटर जैसे माल तमाम देश बनाने लगे हैं। अमेरिका के पास एकाधिकार वाले उत्पाद कम रह गए हैं। ऐसे में अमेरिका के लिए विश्व व्यापार घाटे का सौदा हो गया है। एकाधिकार वाली वस्तुओं की संख्या कम होने से उसके पास महंगा माल बेचने के आज कम अवसर हैं। अब अमेरिका की स्थिति भुसावल और मेरठ जैसी हो गई है। अमेरिका सेब का उत्पादन करके भारत को भेज सकता है और भारत चीनी का उत्पादन कर अमेरिका को भेज सकता है।

इस प्रकार का विश्व व्यापार वास्तव में दोनों देशों के लिए लाभप्रद है, लेकिन इस स्थिति में अमेरिका और भारत के श्रमिकों के वेतन भी बराबर हो जाएंगे। जैसे अमेरिका में सेब के उत्पादन में यदि श्रमिक की दिहाड़ी 6,000 रुपये है और भारत के कुल्लू में श्रमिक की दिहाड़ी 400 रुपये है तो भारत का सेब अमेरिका के मुकाबले सस्ता पड़ेगा और अमेरिका का सेब भारत में नहीं बिक पाएगा।

खुले विश्व व्यापार का तार्किक परिणाम यह होगा कि संपूर्ण विश्व में वेतन भी बराबर होंगे। यदि ऐसा होता है तो विकसित देशों के वर्तमान में ऊंचे वेतन नीचे आएंगे जो अमेरिका को स्वीकार नहीं हैं। इसलिए अमेरिका चाहता है कि अब यह विश्व व्यापार से पीछे हट जाए जिससे भारत का सस्ता सेब और सस्ती चीनी, अमेरिका में प्रवेश न करे और अमेरिका के सेब उत्पादक अपने श्रमिकों को पहले की ही तरह ऊंचा वेतन देते रहें। इसी सोच के तहत अमेरिका ने बीते दिनों भारत और चीन से आयात होने वाले इस्पात पर भारी आयात कर लगाया। भारत में इस्पात का उत्पादन सस्ता पड़ता है, क्योंकि यहां श्रमिकों के वेतन कम हैं। ट्रंप ने भारत से आयात होने वाले इस्पात पर आयात कर इसलिए बढ़ाए ताकि अमेरिका के इस्पात उत्पादकों का धंधा चौपट न होने पाए। अमेरिका का मुक्त व्यापार से पीछे हटना यह बताता है कि अब वहां नई तकनीकों का सृजन कम हो रहा है। अमेरिका को मुक्त व्यापार में अब विश्व के तमाम देशों से टक्कर लेनी पड़ रही है जिसमें वह असफल हो रहा है। अपने मंतव्य को पूरा करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने डब्लूटीओ को ही खंडित करने की रणनीति बना ली है। डब्लूटीओ के नियमों में व्यवस्था है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर कोई भी देश किसी विशेष माल पर आयात कर लगा सकता है। इस प्रावधान का उपयोग करते हुए अमेरिका ने भारत में उत्पादित इस्पात पर आयात कर बढ़ाया, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि इस्पात के उत्पादन में राष्ट्रीय सुरक्षा का कोई पेंच नहीं है।

अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए मनचाही मात्रा में इस्पात का उत्पादन कर सकता है। उसके लिए भारत से इस्पात के आयात का कोई संकट पैदा नहीं होता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा को ढाल के रूप में उपयोग करते हुए भारत से आयातित इस्पात पर आयात कर बढ़ा दिया। उन्होंने एक कानून बनाने का प्रस्ताव रखा है जिसके अंतर्गत डब्लूटीओ के नियमों के बावजूद अमेरिकी सरकार उत्पादों पर मनचाहे आयात कर लगा सकेगी। डब्लूटीओ संधि करते समय सभी देशों ने अपने द्वारा लगाए जाने वाले अधिकतम आयात कर की सीमा निर्धारित कर दी थी। अब ट्रंप ने नया कानून बनाकर उस संधि को पलटने की योजना बनाई है। यदि अमेरिका ने पूर्व में डब्लूटीओ को आश्वासन दे रखा है कि वह किसी विशेष उत्पाद पर एक सीमा तक ही आयात कर लगाएगा तो अब वह उससे ज्यादा आयात कर लगाने के लिए डब्लूटीओ की मूल भावना के विपरीत कानून बनाने की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने डब्लूटीओ की भावना के खिलाफ एक और कदम उठाया है। डब्लूटीओ में देशों के बीच कोई विवाद उठने पर उसकी अपील डब्लूटीओ की अपीलीय व्यवस्था में की जाती है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपीलीय व्यवस्था में नए जजों की नियुक्ति पर सहमति नहीं दी है। वहां जजों की संख्या कम होती जा रही है और शीघ्र ही अपीलीय व्यवस्था में एक भी जज नहीं रह जाएगा। ऐसे में अपीलीय व्यवस्था निरस्त हो जाएगी और डब्लूटीओ के दायरे में विवादों को हल करने का कोई रास्ता नहीं रह जाएगा। तब अमेरिका समेत हर देश खुलकर डब्लूटीओ के नियमों का उल्लंघन कर सकेगा, क्योंकि इस मामले में अपील ही नहीं हो पाएगी। वाणिज्य मंत्री सुरेश प्रभु ने सही कदम उठाते हुए तमाम देशों को आमंत्रित किया था कि डब्लूटीओ पर नई पहल की जाए, लेकिन भारत अथवा किसी दूसरे विकासशील देश द्वारा की गई इस पहल का सफल होना लगभग असंभव है। इसका कारण यह है कि विश्व व्यापार मूलतः विकसित देशों के लिए अब उतना लाभदायक नहीं रह गया है। विश्व अर्थव्यवस्था संपूर्ण विश्व में श्रम के एक ही वेतन की ओर बढ़ रही है जो कि विकसित देशों को स्वीकार नहीं है। इसलिए विश्व अर्थव्यवस्था में मुक्त व्यापार के अंत की आशंका ही अधिक दिखती है।

***

बेचारी नहीं, विद्रोहिणी है पर-पुरुष के पास गई अहल्या

बोधिसत्व

भारतीय विधि संहिता निर्माताओं को यह बिल्कुल ही बर्दाश्त नहीं था कि कोई विवाहिता स्त्री अपने पति के अलावा किसी और पुरुष से शारीरिक संबंध बनाने की सोचे। ऐसा करने के बाद वह उस रिश्ते में रहते हुए जीवित रह जाए, इसकी तो वे कल्पना भी नहीं कर सकते थे। उदाहरण के लिए जमदग्नि की पत्नी यानी परशुराम की मां रेणुका को ही लें। उसने मन ही मन बस कल्पना की कि राजा चित्ररथ के साथ जल क्रीड़ा कर रही रानियों में वह भी शामिल हो। जमदग्नि ने उसकी इस आंतरिक सोच को भी भांप लिया और उसे मानसिक व्यभिचारिणी घोषित कर दिया। ऋषि ने अपने पांच पुत्रों में से ही किसी के हाथों रेणुका की हत्या की युक्ति निकाली और अंत में सबसे छोटे परशुराम के हाथों मां की हत्या का घिनौना प्रसंग हमारे महान भूखंड में घटित हुआ। जब रेणुका का मानसिक संबंध या संकल्पना समाज के लिए या पुरुष के लिए असह्य थी तो अहल्या की स्थिति की बस कल्पना ही की जा सकती है। वह तो एक पर-पुरुष इंद्र से प्रेम कर बैठी और अपनी कामेच्छा की पूर्ति के लिए इंद्र की हार्दिक आभारी भी थी।

महाभारत का संदर्भ लें तो शरद्वान गौतम ने जमदग्नि का ही अनुकरण करते हुए अपने पुत्र चिरकारी को आदेश दिया कि वह अपनी मां की हत्या कर दे। पुत्र द्वारा पिता के आदेश को अमल में न ला पाने के कारण यहां अहल्या का जीवन बच गया। लेकिन बाल्मीकि रामायण में कठोर शाप पाकर वह राख से ढंकी, समाज से अदृश्य जीवन जीने को विवश दिखती है। अहल्या ने समाज और स्मृति ग्रंथों के सारे नियम कामेच्छा के अग्निकुंड में स्वाहा कर दिए और विवाहित होते हुए भी एक गैर-मर्द से शारीरिक संपर्क बनाए। उसे तो मरना ही था, और वह मारी भी गई- पत्थर बना कर, राख से ढंक कर। रामायण के बालकांड के अध्याय अड़तालीस-उनचास में आई अहल्या की कथा के अनुसार अहल्या जानती है कि उसके सामने जो व्यक्ति प्रेम निवेदन कर रहा है वह और कोई नहीं बल्कि स्वयं देवराज इंद्र हैं। वह इंद्र के निवेदन को उत्कंठा से स्वीकार करती है और प्रणय सुख पाकर कृतार्थ और आभारी होती है।

इन सबके बीच उसे अपने पति और उनको कोप का भी ध्यान है। लेकिन वाल्मीकि की कथा को उनके बाद का लेखक-कवि समुदाय और समाज सहन नहीं कर पाया। उसने इस प्रकरण को इस तरह मोड़ दिया कि अहल्या ने जो कुछ किया वह अनजाने में किया, या उसके साथ धोखा हुआ। चंद्रमा ने मुर्गा बनकर बांग दी, जिससे गौतम को भ्रम हुआ कि सुबह हो गई और वह गंगा स्नान के लिए चले गए। इस बीच इंद्र ने गौतम का रूप धरकर अहल्या के साथ शारीरिक संबंध बनाया। यानी बेचारी अहल्या के साथ छल हुआ। इस तरह भारतीय पौराणिक संसार की पहली विद्रोहिणी या पति-विरक्त पर-पुरुषाकांक्षी स्त्री को एक छली गई भोली स्त्री में परिवर्तित कर दिया गया। यह अहल्या के प्रेम का अपमान है। उसके विद्रोह को राख से ढंकने का यत्न है।

अगर 'शतपथ ब्राह्मण' के संदर्भ को देखें तो वहां यह कथन मिलता है- 'अहल्यायै जारेति।' यानी इंद्र अहल्या का जार (व्यभिचार का सहभागी) है। इस संदर्भ में वाल्मीकि रामायण के उत्तरकांड के अध्याय तीस में अहल्या उत्पत्ति के प्रसंग में यह बात साफ-साफ वर्णित है कि इंद्र अहल्या को उसके संरचना काल यानी जन्म से ही अपनी पत्नी मानता रहा है। हम कह सकते हैं कि इंद्र अहल्या को उसके बालपन से ही प्रेम करता रहा है। एक अन्य वृत्तांत में वह अहल्या को बाल सखी कहकर संबोधित करता है। यही नहीं, देवराज होने के कारण अहल्या को पत्नी रूप में पाने का दावा करने वालों में इंद्र सबसे आगे था। लेकिन ब्रह्मा ने उस कन्या का पालन-पोषण करने के लिए मुनि गौतम का चयन किया और अहल्या के वयस्क होने पर उसे गौतम की ही पत्नी बनाने का विचित्र निर्णय भी ब्रह्मा ने ही लिया। इस तरह अहल्या प्रकरण एक गहरे अर्थ संकेत में खाप पंचायतों के क्रूर नियमों की याद भी दिलाता है।

अहल्या को उसके पति शरद्वान गौतम से मिले शाप पर गौर करें- 'तुम इस आश्रम में वायु भक्षण करती हुई, निराहार, तप्त होती हुई, राख में सोती हुई सभी प्राणियों के लिए अदृश्य होकर निवास करोगी।' ये पति के वचन हैं या किसी खाप का दंडादेश अहल्या को शाप के बाद उसके प्रेमी इंद्र का अंडकोष भूपतित हो जाने का शाप दिया जाता है। साथ ही शाप से उसके संपूर्ण शरीर पर अनेक स्त्री योनियां बन जाती हैं। आज भी भारतीय समाज सब कुछ सहन कर सकता है किंतु विवाहित स्त्री को बुरे से बुरे वैवाहिक संबंध से भी बाहर जाने की छूट देता नहीं दिखाई पड़ता।

पाषाणी रूप में अहल्या को सबसे पहले कवि कालिदास ने रघुवंश में वर्णित किया। ब्रह्मवैवर्त पुराण में भी वह शिलारूप में ही उल्लिखित है। महाकवि कंब ने अहल्या को पाषाणी बताया। तुलसीदास ने भी उपरोक्त वर्णनों से प्रेरित होकर अहल्या को शिलारूप में दिखाया। अहल्या का जीवन और उसकी सोच उसे भारत की पहली स्वतंत्र चेता स्त्री बनाती है। जान-बूझकर पर-पुरुष से प्रेम पहले-पहल उसकी ही नियति में आया। यही नहीं, ऐसा करते समय उसे अपने पति की शक्तियों का भी ध्यान है। इसीलिए वह इंद्र से अपनी रक्षा करने की विनती करती है और ऐसा सोचते ही पर-पुरुष की रक्षिता बनने की स्थिति में आ जाती है। यही अहल्या भाव है, जिसमें एक स्त्री किसी मुनि की उपेक्षित पत्नी बने रहने के बजाय किसी प्रेमी पर-पुरुष की रखैल होना बेहतर मानती है और भयभीत मन से इसे स्वीकार भी कर लेती है। इस सब के पीछे अपने मन का जीवन जीने की भावना ही अहल्या की वास्तविक शक्ति है।

https://blogs.navbharattimes.indiatimes.com/nbteditpage/story-of-ahalya-and-indra/

आखिर क्यों नहीं लड़ा गया मुस्लिम साम्राज्य के खिलाफ कोई स्वतंत्रता संग्राम?

कंवल भारती

उन्नीसवीं शताब्दी में 1857 के विद्रोह को प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम कहने का क्या अर्थ है? यह उन मूर्खों का आलाप था, जो सिर्फ हिन्दुओं की स्वतंत्रता चाहते थे, और इस बात से उन्हें कोई मतलब नहीं था कि यदि 1857 का विद्रोह, यदि दुर्भाग्य से सफल हो जाता, तो अलग-अलग रियासतों की स्वतंत्र सत्ताएं उन्हीं व्यवस्थाओं को जीवित रखतीं, जिनमें अछूत को समस्त मानवाधिकारों से वंचित थे। बता रहे हैं कंवल भारती :

1857 का विद्रोह और बहुजन

1857 के गदर को भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम बताया जाता है। यह मत भारत के ब्राह्मण वर्ग के विद्वानों का है, और उन लोगों का है जो हिन्दुत्ववादी थे और भारत में सामंती शासन चाहते थे। यह वह वर्ग था, जो अपनी धर्म-व्यवस्था पर मुग्ध था और उसमें कोई परिवर्तन नहीं चाहता था। मुसलमान शासकों ने अपने आठ सौ साल के साम्राज्य में ब्राह्मणों की धर्म-व्यवस्था को नहीं छुआ, क्योंकि हिन्दुओं को उनकी धर्म-व्यवस्था पर चलने की पूरी आजादी दी। इसलिये मुस्लिम साम्राज्य के खिलाफ एक भी स्वतंत्रता संग्राम भारत में नहीं लड़ा गया।

किसी भी आंदोलन को नेतृत्व और गतिशीलता देने का काम बुद्धिजीवी वर्ग करता है और दुर्भाग्य से भारत में बुद्धिजीवी वर्ग ब्राह्मण रहा है। बुद्धिजीवी और ब्राह्मण ये दोनों एक-दूसरे के पर्याय माने गये हैं। मुसलमान शासकों ने इसी ब्राह्मण वर्ग को सारी स्वतंत्रता और सुख-सुविधाएं देकर अपना वफादार बनाकर रखा था। लेकिन यही काम भारत में आने के बाद ईस्ट इंडिया कम्पनी ने नहीं किया। उसने उनकी धर्म-व्यवस्था में दखल देना शुरु किया और इसी दखल के परिणामस्वरूप उन्हें ब्राह्मणों के विद्रोह का सामना करना पड़ा। दूसरे शब्दों में अंग्रेजों का समाज-सुधार एजेंडा ही उनके विरुद्ध आन्दोलन का कारण बन गया। कम से कम दो बड़े विद्रोह भारत में समाज सुधार के फलस्वरूप ही हुए, जिनमें पहला 1806 में वेल्लौर का सिपाही विद्रोह और दूसरा 1857 का सिपाही विद्रोह। आंबेडकर ने लिखा है कि वेल्लौर का विद्रोह एक छोटी चिंगारी की तरह था, पर 1857 का विद्रोह एक बड़ा अग्निकाण्ड बन गया था। (डॉ. आंबेडकर राइटिंग एण्ड स्पीचेस, वाल्यूम 12, पृष्ठ 140)

वेल्लौर का विद्रोह सिर्फ इस आधार पर हुआ था कि मद्रास आर्मी के चीफ कमान्डर जान क्रैडोक ने एक रेगूलेशन जारी करके सिपाहियों के लिये धार्मिक और जातीय पहचान वाली यूनिफार्म समाप्त करके उसकी जगह नयी यूनिफार्म लागू कर दी थी, जिसमें पगड़ी, दाढ़ी और हाथों में अंगूठियां पहनने की मनाही कर दी गयी थी और इन सबके बदले एक नयी टोपी निर्धारित की गयी थी। सिपाहियों ने इसे अपने ईसाईकरण के रूप में देखा। हिन्दुओं ने नयी टोपी को गाय की खाल से बनी टोपी समझा और मुसलमानों ने दाढ़ी हटाने को अपने धर्म में दखल समझा। अतः दोनों धर्मों के सिपाहियों ने धर्म के नाम पर विद्रोह कर दिया। इस विद्रोह को वेल्लौर किले में मौजूद टीपू के परिवार ने मदद की थी।

इस विद्रोह को भी ब्राह्मण लेखकों ने ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम कहा है और यहां तक लिखा है कि इसी विद्रोह ने 1857 में सिपाही विद्रोह के रुप में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का मार्ग प्रशस्त किया था। (दि हिन्दू, सण्डे मैगजीन, 6 अगस्त 2006 में देखिए रंगराजन का लेख 'व्हेन दि वेल्लौर सिपायस रिबेल्ड') क्या यह सचमुच स्वतंत्रता संग्राम था? यदि यह वास्तव में ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम था, तो वे सिपाही कम्पनी की सेना में भर्ती ही क्यों हुए थे? फिर, यह विद्रोह नये यूनिफार्म रेगूलेशन जारी होने के बाद ही क्यों हुआ? इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि यह विद्रोह ईस्ट इंडिया कम्पनी के खिलाफ नहीं था, बल्कि उसके द्वारा जारी रेगूलेशन के विरोध में था, जिसने सिपाहियों की धार्मिक और जातीय पहचान समाप्त कर दी थी। यदि कम्पनी इस रेगूलेशन को जारी नहीं करती, तो विद्रोह नहीं होता। तक यह स्वतंत्रता संग्राम किस आधार पर था? यदि यह कम्पनी सरकार को हटाने के आधार पर था, तो स्वतंत्रता संग्राम नहीं था। परन्तु यदि यह धार्मिक और जातीय स्वतंत्रता के लिये था, तो यह स्वतंत्रता संग्राम था। तब हम इसे धार्मिक स्वतंत्रता संग्राम कहेंगे, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम नहीं।

1857 के विद्रोह का श्रेय सिपाही मंगल पांडे को दिया जाता है। जबकि वह एक रुढ़िवादी और अस्पृश्यता मानने वाला ब्राह्मण था। मेरठ की उसी बैरक में, जिसमें मंगल पांडे था, मातादीन सफाई का काम करता था। घटना है कि एक दिन झाड़ू लगाते समय पांडे का लोटा मातादीन से छू गया। अस्पृश्यता-धर्म को मानने वाले मंगल पांडे से लोटे का छूना सहन नहीं हुआ और उसने मातादीन को गालियां देकर अपमानित किया। इस पर मातादीन ने फटकारते हुए कहा कि लोटा छूने से तुम धर्मभ्रष्ट हो जाते हो, पर जब उन कारतूसों को दांतों से पकड़कर खोलते हो, तो भ्रष्ट नहीं होते, जिनके मुंह पर गाय और सुअर की चरबी लगी होती है। मंगल पांडे ने जब यह सुना तो उसे लगा कि सभी हिन्दू सिपाहियों का धर्म-भ्रष्ट हो गया है। यही घटना सिपाही विद्रोह का कारण बनी। क्या सचमुच सिपाही विद्रोह का यही एक कारण था? यह गले नहीं उतरता, क्योंकि कारतूसों में चर्बी रहती थी, यह सभी सिपाही जानते थे, भले ही वह किसी भी पशु की हो। यदि मंगल पांडे मांसाहारी नहीं था, तो उसके लिये किसी भी पशु की चर्बी वर्जित थी। फिर गाय की चर्बी को लेकर ही विद्रोह क्यों? दूसरे, यह भी गौतलब है कि बगावत के समय भी सिपाहियों ने कारतूसों का उपयोग किया था, तब वे उन्हें किस तरह खोलते थे? सम्भवतः मामला चर्बी का नहीं था, कुछ और भी था।

गाय और सुअर ये दो पशु हिन्दू और मुसलमानों के धर्म से जुड़े हैं। हिन्दू गाय को माता कहते हैं, जो उनके धर्म में एक पूजनीय पवित्र पशु है, जबकि मुसलमानों के लिये सुअर एक गंदा पशु है और इस्लाम में उसका छूना और मांस खाना हराम माना गया है। हिन्दुओं और मुसलमानों को आपस में लड़ाने के काम में साम्प्रदायिक शक्तियां प्रायः इन्हीं दो पशुओं का उपयोग करती आयी हैं। 1857 में भी ब्राह्मण शक्तियों ने यही किया। उन्होंने कारतूसों में गाय की चर्बी को अपनी धर्म-व्यवस्था की लड़ाई के लिये एक कारगर हथियार के रूप में देखा। इस धर्म-युद्ध में मुसलमान भी ब्राह्मणों के साथ आ जायें, इसलिये गाय के साथ सुअर को भी एक साथ जोड़ा गया। हो सकता है कि मातादीन इस काम में ब्राह्मणों का ही सन्देश वाहक रहा हो। यहां भी वही सवाल विचारणीय है, जो वेल्लौर विद्रोह में था। जिन ब्राह्मणों ने इसे भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा, जैसा कि सावरकर और हरदयाल आदि ने कहा था, तो वे इस बात पर विचार नहीं करते कि यदि कारतूसों में गाय या सुअर की चर्बी न लगायी होती, या इसका भान ही न हुआ होता, तो क्या तब भी कोई विद्रोह होता? यदि चर्बी ही मुख्य कारण था, तो जाहिर है कि कोई विद्रोह नहीं होता। फिर, उसे स्वतंत्रता संग्राम किस आधार पर कहा जा सकता है? दरअसल यह विद्रोह भी समाज सुधार कार्यक्रम का प्रतिफल था। यह अपनी धर्म-व्यवस्था को बचाने का संग्राम था। यह हिन्दुओं की धार्मिक स्वतंत्रता का मामला था, भारत की स्वतंत्रता से कोई सम्बन्ध नहीं था। इस विद्रोह को भारत का स्वतंत्रता संग्राम का रूप देने की कोशिश रुढ़िवादी ब्राह्मणों और कुछ देशी राजाओं और नवाबों ने की थी, जिनकी रियासतें अंग्रेजी राज में खतरे में थीं। सिपाही-विद्रोह के मूल कारण पर आते हैं। यह विद्रोह बंगाली आर्मी ने किया था। यह सिर्फ नाम की बंगाली आर्मी थी, इसमें बंगाल का कोई भी सिपाही नहीं था। यह आर्मी मुख्य रूप से अवध और दोआबा क्षेत्र के उच्च जातीय लोगों को लेकर बनी थी। इसमें अधिकांश ब्राह्मण सैनिक थे, जो अपना सबसे ज्यादा समय नहाने और पूजापाठ में लगाते थे। इसलिये, यह आर्मी ब्राह्मण साजिश का आसानी से शिकार हो गयी।

